प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, हजारीबाग में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे मौजूद।
- शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा– राज्य में क्षेत्रीय भाषाओं के दस हजार शिक्षकों की जल्द होगी भर्ती, सरकारी विभागों और थानों में अनुवादक की भी नियुक्ति करेगी सरकार।
- केंद्रीय सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए आज दोपहर से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर, मेदिनीनगर में कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत।
- मौसम विभाग ने राज्य के अलग–अलग हिस्सों में जताई कल बारिश होने की संभावना, आज के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट किया जारी।
- समग्र शिक्षा अभियान के तहत गुवाहाटी में आयोजित क्षेत्रीय बैंड प्रतियोगिता में झारखंड की टीमों का शानदार प्रदर्शन, पहले और दूसरे स्थान का जीता खिताब, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न विभागों में 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इधर, रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विभिन्न मंत्रालयों के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। वहीं, हजारीबाग के मेरू स्थित प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी।

*******************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि जल्द ही क्षेत्रीय भाषाओं के दस हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। श्री सोरेन ने धालभूमगढ़ के नरसिंघगढ़ भाटीशोल मैदान में कल आयोजित संताली भाषा दिवस के आयोजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा को मजबूत करना बेहद जरूरी है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी विभागों और थानों में अनुवादक की भी नियुक्ति करेगी ताकि आम लोग अपनी भाषा में शिकायत और आवेदन कर सकेंगे। इधर, जामताड़ा और दुमका जिले में भी संथाली भाषा सह संथाल परगना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने स्थानीय लोगों से अपनी संस्कृति बचाए रखने की अपील की।

*******************

केंद्रीय सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए आज से तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे मेदिनीनगर में कैम्प करेंगे। इस क्रम में वे हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के साथ ही कावाखो गांव में ड्रिप सिंचाई प्रणाली और एससी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण करेंगे।

*******************

देश भर में आज राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जा रहा है। किसान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर के किसानों को शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट **news on air.gov.in** पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल **@AIR news alerts** और फेसबुक पेज
**All India Radio news** पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
**@AIR news** अंडर स्कोर**_ranchi**
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
**YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi**
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम भारत के कैथोलिक बिशप सम्मेलन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री पहली बार देश में कैथोलिक चर्च मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल रांची स्थित आर्चबिशप हॉउस में केक काटकर लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर श्री सोरेन ने कहा कि क्रिसमस प्रेम और शांति का सन्देश देता है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई है। 25 दिसंबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। उसके बाद मौसम साफ रहेगा। विभाग के निदेशक अभिषेक आनंद ने आज सुबह और रात के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

*******************

जामताड़ा जिले में महत्वाकांक्षी कार्यक्रम पोषण भी पढ़ाई भी के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। अधिक ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार तीरंदाजी के क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं को जल्द दूर करेगी। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी और कोच डी साईश्वरी से मुलाकात के बाद यह भरोसा दिलाया।

*******************

समग्र शिक्षा अभियान के तहत गुवाहाटी में आयोजित क्षेत्रीय बैंड प्रतियोगिता में झारखंड के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम जिले के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटमदा की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, ब्रास बैंड बालक वर्ग प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम के ही सेंट जेवियर्स स्कूल की टीम को दूसरा स्थान मिला।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर की हेडलाइन है – बिना मान्यता के झारखंड में चल रहे हैं पांच हजार आठ सौ उन्नासी स्कूल, 31 मार्च के बाद इन पर होगी कार्रवाई।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है – झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए जिस एजेंसी को दिया काम उस पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में गड़बड़ी करने के आरोप।

हिंदुस्तान ने रांची के खलारी में अपराधियों द्वारा तीन हाइवा जलाने और रामगढ़ से 16 अपराधियों के गिरफ्तार होने की खबर को पहले पृष्ट पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है – संताल परगना में घुसपैठ के संकेत, जनसंख्या से अधिक बन गए आधार।

****************